# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ०प्र०)

Email: connectpuregistrar@gmail.com Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक: 11537/सामा0प्रशा0/2025 दिनांक 02 जून 2025

सेवा में,

सम्बन्धित विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर।

**विषय**–विश्वविद्यालय परिसर के समस्त संविदा शिक्षकों का आरक्षण/रोस्टर का सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय**

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–11532/सामा0प्रशा0/2025, दिनांक–30 मई 2025 द्वारा उनके विभाग के संविदा शिक्षकों से उनकी श्रेणी की पुष्टि कराने तथा उनसे पुष्टि विषयक हस्ताक्षर प्राप्त करने प्रमाणित सूची तीन दिवस में वापस करने का अनुरोध करते हुए यदि श्रेणी में परिवर्तन/संशोधन की आवश्यकता है तो साक्ष्य सहित विवरण प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया गया था।

उक्त वांछित सूचना/सूची रसायन विज्ञान विभाग, इन्जीनियरिंग संस्थान, मानविकी एवं समाजिक विज्ञान विभाग, इलेक्ट्रनिक्स इन्जीनियरिंग विभाग, इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग विभाग, विधि संस्थान एवं एम0सी0ए0 विभाग से प्राप्त हुई है किन्तु अन्य विभागों द्वारा उक्त सूचना अद्यतन अप्राप्त है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि अपने विभाग के संविदा शिक्षकों से उनकी श्रेणी की पुष्टि करा लें तथा उनसे पुष्टि विषयक हस्ताक्षर प्राप्त कर आप द्वारा प्रमाणित सूची तीन दिवस में वापस करने का कष्ट करें। यदि श्रेणी में परिवर्तन/संशोधन की आवश्यकता है तो साक्ष्य सहित विवरण प्रेषित किया जाय।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

उप कुलसचिव (प्रशा0)

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त संकायाध्यक्षों को इस अनुरोध सहित कि विभागाध्यक्षों से वांछित सूचना प्रेषित कराने का कष्ट करें।
2. कुलसचिव जी।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

2/6/25

उप कुलसचिव (प्रशा0)

Scanned with OKEN Scanner